पुलिस अधीक्षक ने थाने का औचक निरीक्षण किया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक ने थाना हरदत्त नगर गिरंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। मिली खामियों को सुधारने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह शनिवार को थाना हरदत्त नगर गिरंट का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिकायत लेकर आएं तो उनकी समस्या को सरलता से सुने और जल्द निस्तारण के लिए थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करने को आवश्यक निर्देश दिया।

चेकिंग अभियान में 22 वाहनों का चालान हुआ

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान 22 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 43 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

पुलिस अधीक्षक ने थाना हरदत्त नगर गिरंट का किया आकस्मिक निरीक्षण

जिला ब्यूरो हसमत हुसैन खाँन

श्रावस्ती (सदभावना का प्रतीक) पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा थाना हरदत्त नगर गिरंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें।इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।चैत्र नवरात्रि/रमजान पर्व के दृष्टिगत बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम

जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर आदि का भ्रमण किया गया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई व लम्बित माल मुकदमाती वाहनों/मालों के निस्तारण हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश शर्मा,थाना प्रभारी उमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।